सार-समाचार

घटनास्थल का निरीक्षण किया

नोहर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को लेकर शनिवार को खुईया थाना क्षेत्र के गोरखाना गांव का दौरा कर हाल ही में हुए हत्या प्रकरण के घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली तथा मामले में त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी अनुसंधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों से अब तक की कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा कानून व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। घटनास्थल निरीक्षण के बाद एसपी मीना ने थाना खुईया का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने थाने के नवनिर्मित भवन के विभिन्न कक्षों, बैरक एवं परिसर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण, साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। एसपी ने थाना स्टाफ एवं अधिकारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने, आमजन के साथ शालीन व्यवहार रखने, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा क्षेत्र में गश्त व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखना पुलिस की प्राथमिकता है और पुलिस प्रशासन अपराध नियंत्रण के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

टूटी सड़क जी का जंजाल बनी

चूरू (निसं)। रतननगर-चूरू रोड पर जिला प्रशासन व सार्वजनिक निर्माण विभाग की लापरवाही आमजन पर भारी पडती नजर आ रही है। आपको बता दें कि इस सड़क के किनारे खड़े कीकर के पेड एकदम सडक पर आ चुके हैं। इस रोड पर कभी भी चलते वाहन के सामने पेडों के बीच से कोई भी पशु-पक्षी अचानक निकलकर सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी हुई रहती है। दूसरी और यह रोड भी जगह-जगह से टूट चुकी है, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं जा रहा है। इस बार गत 22 अप्रैल को जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चूरू दौरे पर आए थे तो उनके साथ में कई बड़े नेता गाडियों में भी आए थे, उसको देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग ने आनन फानन में जयपुर पुलिया व आरटीओ ऑफिस के सामने बने मोटे गड्ढों को एक बार तो भर दिया, लेकिन अब वहीं स्थिति दुबारा हो गई, लेकिन चूरू से रतन-नगर तक यह सड़क कई जगह से टूट चुकी है। इस रोड पर अधिकांश जगह सड़क के बीचों-बीच इतनी बड़ी झिरिया हो चुकी है, इनके बीच बीच में बाइक का टायर आ जाने के कारण कई बार इसमें बड़े हादसे हो चुके हैं कई बार बाइक सवार गिरकर इसमें चोटिल हो चुके हैं।

उद्योगपति अमरा राम जांगिड़ का स्वागत

चूरू (निसं)। अखिल भारतीय विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव बी. एन. राजोतिया द्वारा अमरा राम जांगिड के सूर्य नगरी जोधपुर आगमन पर प्रबुद्ध नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवाओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राजस्थान सरकार द्वारा मनोनीत 'राजस्थान फाउंडेशन, दुबई चौप्टर' के अध्यक्ष अमरा राम जांगिड का माला पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। वैश्विक स्तर पर राजस्थान की संस्कृति, व्यापारिक पहचान और माटी का गौरव बढ़ाने वाले अमरा राम जांगिड के जोधपुर पहुंचने पर शुभचिंतकों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्रवासी समाज की भूमिका, विकास कार्यों तथा आगामी सामाजिक प्राथमिकताओं को लेकर विस्तृत चर्चा भी की गई। राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 समारोह में निभाएंगे मुख्य भूमिका अपने जोधपुर प्रवास के दौरान अमरा राम जांगिड राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं बाल विकास आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 समारोह में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा छात्र एवं युवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव बी. एन. राजोतिया, राजस्थान आईटी संयोजक गजेंद्र जांगिड, मोतीलाल सुथार, सोहन लाल एवं भगवान राम सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग, वरिष्ठ समाजसेवी और युवा पदाधिकारी मौजूद रहे।

वॉटर जुम्बा सेशन आयोजित

सीकर (निसं)। शहर में आयोजित वॉटर जुम्बा सत्र महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, फिटनेस और मानसिक प्रसन्नता का अनूठा संगम बनकर सामने आया। शहर के सांवली रोड स्थित वाटर पार्क में इस विशेष आयोजन में महिलाओं ने पानी के बीच उत्साहपूर्ण जुम्बा व्यायाम करते हुए न केवल अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया, बल्कि दैनिक तनाव से भी राहत महसूस की।कार्यक्रम का आयोजन होलिस्टिक वेलनेस सेंटर की संस्थापिका निधि शर्मा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, सकारात्मक और ऊर्जा से भरपूर वातावरण उपलब्ध कराया, जहाँ महिलाएं स्वयं के स्वास्थ्य, फिटनेस और मानसिक संतुलन को बेहतर बना सकें।सत्र में शामिल महिलाओं ने बताया कि पानी में किए गए जुम्बा व्यायाम ने उन्हें शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय, फिट और मानसिक रूप से शांत महसूस कराया। संगीत, उत्साह और सामूहिक सहभागिता ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास, खुशी और नई ऊर्जा साफ दिखाई दी।होलिस्टिक वेलनेस सेंटर द्वारा समय-समय पर महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस और मानसिक कल्याण को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। यह वॉटर जुम्बा सत्र महिलाओं के लिए आत्म-देखभाल, स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक जीवनशैली की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

सीबीएसई परीक्षा में छात्राओं ने बाजी मारी

तारानगर (निसं)। तारानगर के एमएसजी हाईटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल की छात्रा टीना ने सीबीएसई 12 बोर्ड परीक्षा में 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल हिमांशु रानी इंसा ने बताया कि कक्षा 12 में कुल 24 छात्राएं थी जिसमें 10 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक, 4 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये है जबकि 9 छात्राऐं प्रथम श्रेणी से पास हुई इस प्रकार विद्यालय का 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रिंसिपल रानी इंसा ने बताया कि छात्रा टीना वुशू व बॉक्सिंग की राष्ट्रीय स्तर की खिलाडी हैं उन्होंने खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रिंसिपल ने समस्त छात्राओं को उत्कृष्ट परिणाम हेतु हार्दिक बधाई दी तथा उन्हें जीवन में निरंतर प्रगति करते हुए नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी सफलताओं का श्रेय पूजनीय गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिँह ज़ी इंसा जी के प्रेरणादायक मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक सम्पन्न

नोहर, (निसं)।अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की स्थानीय तहसील इकाई की बैठक एडवोकेट रोहताश जांगिड की अध्यक्षता में स्थानीय टैगोर सर्किल स्थित सुथार भवन में सम्पन्न हुई ।बैठक में जिला मुख्यालय पर आगामी सात जून को प्रस्तावित जांगिड़ सुथार समाज युवा राजनैतिक सम्मेलन में भाग लेने को लेकर चर्चा हुई। निवर्तमान जिला लोकपाल विनोद जांगिड ने बताया कि समाज में आई राजनैतिक जागृति के तहत यह सम्मेलन एक सराहनीय प्रयास है। हमें इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिये। सम्मेलन में पहुंचने के लिये अलग-अलग जिम्मेदारी तय की गई। आगामी 24 मई को इस मामले की विस्तृत बैठक जांगिड़ सुथार समाज धर्मशाला में आयोजित होगी। बैठक में शिक्षाविद् दुर्गाराम सुथार, डॉ. श्रवण सुथार, पूर्व पार्षद पवन सुथार, तहसील ईकाई अध्यक्ष दाताराम जांगिड, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विनोद सुथार, भाजपा ओबीसी मोर्चा देहात मण्डल अध्यक्ष रणजीत खोखा, पूर्व तहसील अध्यक्ष शिवनारायण सुथार, बजरंग सुथार, डॉ. सुनील सुथार, सुरेन्द्र सुथार, सुभाष जागिड़, सतवीर सुथार, लुणाराम सुथार, राजेश सुथार आदि मौजूद रहे।

बढ़ती महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया

पैट्रोल, डीजल, सीएनजी और दूध की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध-प्रदर्शन किया।

चूरू (निसं)। पैट्रोल, डीजल, सीएनजी और दूध की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के पास स्थित पेट्रोल पंप पर महिला कांग्रेस की ओर से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा के आव्हान पर व प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सुनीता कपूरिया के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और दूध की बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई की मार ने आमजन का जीना दुभर कर दिया है और रसोई से लेकर रोजमर्रा के खर्च के लिए हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। जिलाध्यक्ष सुनीता कपूरिया ने कहा कि पेट्रोल-डीजल व सीएनजी की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से परिवहन महंगा हो रहा है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड रहा है। वहीं दूध जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ने से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। महिला कांग्रेस आमजन से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन करने वालों में महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष बलकेश बानो, शर्मिला भाकर, संतोष मेहरा, संतोष लुहार, सकीला बानो, उपाध्यक्ष शुगरा बानो, सबीना बानो, सरोज सहारण, सीमा कुमारी, कविता कुमारी, सरिता, लक्ष्मी देवी, शशिकला सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थी।

स्वस्थ जीवन का संदेश दिया

झुंझुनूं, (निसं)। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर झुझारसिंह पार्क मे आयोजित योग कक्षा में पतंजलि योग समिति राजस्थान पूर्वी क्षेत्र के राज्य प्रभारी एवं वरिष्ठ योग शिक्षक पवन कुमार ने उपस्थित साधकों को उच्च रक्तचाप के कारण, बचाव एवं योग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनियमित दिनचर्या, तनाव, गलत खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण उच्च रक्तचाप तेजी से बढ़ रहा है। यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती जाए तो यह हृदय रोग, स्ट्रोक एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है।

उन्होंने नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान एवं संतुलित आहार को उच्च रक्तचाप नियंत्रण का प्रभावी माध्यम बताया। योग कक्षा में अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति एवं ध्यान का अभ्यास भी करवाया गया। उन्होंने सभी लोगों से नियमित रक्तचाप जांच कराने, तनावमुक्त जीवन अपनाने तथा प्रतिदिन योग करने का आव्हान किया।

एमएसपी खरीद में बड़ा घोटाला, सांसद कस्वां ने सहकारिता मंत्री से एक्शन लेने की मांग की

चूरू (निसं)। सांसद राहुल कस्वां ने सिधमुख में समर्थन मूल्य चना खरीद केन्द्र में अतिरिक्त वजन तुलाई के घोटाले को लेकर प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री गौतम दक से दूरभाष पर वार्ता की। सांसद ने कहा कि संगठित भ्रष्टाचार के माध्यम से किसानों के साथ बड़ा अन्याय किया जा रहा है। उपज का अतिरिक्त वजन तुलाई कर प्रत्येक किसान को लगभग 10-12 हजार रू का नुकसान पहुंचाया गया है और अधिकारियों व ठेकेदार ने मिलकर बड़े घोटाले को अंजाम दिया है। अत: सभी पर बड़ा एक्शन तुरंत लिया जाए। इस पर मंत्री गौतम दक ने सांसद कस्वां से कहा कि किसानों की मांगों से सम्बन्धित पत्र भिजवाएं, ताकि उचित कार्यवाही की जा सके।

इसके बाद सांसद राहुल कस्वां ने मंत्री के नाम पत्र लिखते हुए कहा कि पर तुलाई प्रक्रिया में किसानों के साथ संगठित लूट की जा रही है। खरीफ सीजन में सुजानगढ़ में और अब रबी सीजन में तारानगर व सादुलपुर में तुलाई के लिये किसान से अतिरिक्त वसूली, नमी और

सांसद राहुल कस्वां

क्वालिटी के नाम पर वसूली का खुला खेल हुआ है। सादुलपुर क्रय विक्रय समिति के उपकेन्द्र सिधमुख में तो किसान के साथ लूट का भयानक रूप सामने आया है। एक किसान की जागरूकता के कारण स्पष्ट रूप से पकड में आया है कि तराजू में प्रति क्विंटल 5-6 किलो वजन अधिक लिया जा रहा है।

अन्नदाता के साथ इससे बड़ा अन्याय और कोई हो नहीं सकता। जिले में हजारों क्विंटल चने की तुलाई इस सीजन में हो चुकी है, जिसमें प्रति क्विंटल अतिरिक्त वजन के माध्यम से बड़े घोटाले को अंजाम दिया गया है। इस घोटाले में सम्बन्धित ठेकेदार से लेकर सभी जिम्मेदार लोग शामिल हैं, इसलिए क्षेत्र के किसानों की तरफ से हमारी मांगे निम्न प्रकार हैं। चूरू जिले में इस सीजन में हुई खरीद प्रक्रिया की स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवाई जाए। खरीद प्रक्रिया से जुड़े ठेकेदार पर कड़ा एक्शन लेते हुए फर्म को ब्लेक लिस्ट किया जाए। खरीद प्रक्रिया से जुड़े जिले के आला अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। अब तक हुई तुलाई में सभी किसानों से अतिरिक्त वजन (5-6 किलो प्रति क्विंटल) लिया, उसकी राशि प्रत्येक किसान को लौटाई जाए। जिले की प्रत्येक सहकारी समिति की स्वतंत्र जांच करवाई जाए और गबन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

श्रीराम वाटिका पार्क का निरीक्षण किया

पूर्व राज्यमंत्री मेहरुन्निसा टाक ने श्रीराम वाटिका का निरीक्षण किया।

नोहर, (निसं)। यहां श्री राम वाटिका पार्क का निरीक्षण पूर्व राज्यमंत्री मेहरुन्निसा टाक एवं सिकंदर टाक द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क में घूमने आने वाले महिलाओं एवं अन्य नागरिकों ने पार्क की व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए।

आमजन ने मांग रखी कि पार्क में छोटे माइक के माध्यम से मध्यम ध्वनि में श्री राम भजन एवं धार्मिक गीत चलाए जाएं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग की गई। उपस्थित लोगों ने पार्क में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नोहर में इस प्रकार का सुंदर एवं आकर्षक पार्क पहली बार देखने को मिल रहा है। पार्क की साफ-सफाई, हरियाली और बेहतर व्यवस्थाओं के कारण अब बाहर से आने वाले लोग भी यहां घूमने पहुंच रहे हैं। पूर्व राज्यमंत्री मेहरुन्निसा टाक एवं सिकंदर टाक ने कहा कि आमजन के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए पार्क में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि नागरिकों को और बेहतर वातावरण मिल सके। इस अवसर पर पूर्व पार्षद गंगाराम पारीक, पूर्व पार्षद गुलफान, छोटूलाल, बसंत तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम आयोजित

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में मदरसा इस्लामिया अरबिया नूरूल इस्लाम में आज मिशकात शरीफ के पहले सबक का कार्यक्रम बेहद अकीदत, रूहानी माहौल एवं धार्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मदरसे के उलेमा-ए-किराम, जिम्मेदारान, तलबा (विद्यार्थी) एवं कस्बे के बडी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरदारशहर स्थित मदरसा जामिया लतीफिया के शेखुल हदीस हजरत मौलाना शकील अहमद ने मिशकात शरीफ की फजीलत, इल्म-ए-दीन की अहमियत तथा इस्लामी तालीम की रोशनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और अच्छे अखलाक के साथ दीनी तालीम हासिल करने की नसीहत देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और इंसानियत की असली पहचान है। कार्यक्रम के दौरान मौलाना उस्मान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए दीनी तालीम को समाज की बेहतरी और नैतिक मूल्यों की मजबूती का आधार बताया। कार्यक्रम में मदरसा के सदर शबीर बगड, मौलाना खलील अहमद, हाजी शेर मोहम्मद खोखर, इदरीश खत्री, मोहम्मद जब्बार खोखर, मौलाना फारूक साहब सरदारशहर, नब्बीबकस निर्बान, अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सांसद राहुल कस्वां व विधायक अमित चाचाण ने आश्रय स्थल का लोकार्पण किया

नोहर, (निसं)। तहसील के गांव टीडियासर स्थित श्री कृष्ण गौशाला समिति में पशु संरक्षण एवं गौसेवा को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विधायक निधि से निर्मित पशु आश्रय स्थल का लोकार्पण समारोह पूर्वक हुआ।

लगभग 6 लाख रुपये की लागत से तैयार इस आश्रय स्थल का उद्घाटन सांसद राहुल कस्वां एवं विधायक अमित चाचाण ने किया। श्री कृष्ण गौशाला समिति टीडियासर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, गौभक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि विकास की कोई कमी नहीं रहने देगें। गांवों मे मूलभूत सुविधाएं को लिए ग्रामीणों को किसी प्रकार कि परेशानी ना इसके लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके

सांसद राहुल कस्वां व विधायक अमित चाचाण ने पशु आश्रय स्थल का लोकार्पण किया।

पर विधायक अमित चाचाण ने कहा कि गायों कि सेवा से बडी कोई सेवा नही है क्षेत्र कि गोशाला में निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने ने कहा कि विकास का ये क्रम निरंतर जारी रहेगा। समिति के अनुसार गौशाला में लगातार बढ़ रहे पशुओं के संरक्षण और बेहतर देखभाल को ध्यान में रखते हुए इस आश्रय स्थल का निर्माण करवाया जाएगा। जिससे बेसहारा एवं गौवंशीय पशुओं को सुरक्षित स्थान मिल सकेगा।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि गौशाला क्षेत्र में लंबे समय से एक आश्रय स्थल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जो अब पुरी होगी। इस अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला समिति के अध्यक्ष रणवीर सिंह खिचड, सचिव लीलुराम बैनिवाल, कोषाध्यक्ष गोरी शंकर,पिसीसी सदस्य श्रवण तंवर, बदरू टांक, रामकुमार सहारण, पूर्णाराम पारीक, अमिचद सहारण, केसरी चंद्र, पलाराम मेघवाल, उदाराम, रामकुमार पारीक, शयोचद, रामलाल, हनुमान, रामस्वरूप, चुन्नीराम कस्वां, भूराराम, बेगराज, भंवरलाल, चंद्रशेखर, काशीराम नाई,शीशपाल, हनुमान खाती, लीलूराम बेनीवाल सहित अनेक ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस मौके पर सांसद व विधायक ने गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 12 लाख रुपए देने कि घोषणा की। इसके अलावा विधायक अमित चाचाण ने विधायक कोटे से गांव के सरकारी विद्यालय में 10 लाख की लागत से कमरा बनाने की घोषणा की। मंच संचालन कुलदीप पारीक ने किया।

सार-समाचार

हत्या के मामले में प्रकरण दर्ज होने के पांच घंटे में आरोपी गिरफ्तार

नोहर, (निसं)। नरेन्द्र सिंह मीना जिला पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ ने बताया कि दिनांक 16 मई 2026 को सुखराम पुत्र आदुराम नायक निवासी गोरखाना ने पुलिस थाना खुईंया पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट दी कि मेरे पुत्र सुभाष की बलवन्त उर्फ बल्ला पुत्र कृष्ण कुमार जाट और राजेश पुत्र हरिराम नायक निवासी गोरखाना ने शराब की बात को लेकर रंजिशवश पीट-पीट कर हत्या कर दी वगैरा वगैरा पर प्रकरण संख्या 62/2026 धारा 103 (1) 3 (5) बीएनएस व 3 (2) (वी) एससी/एसटी एक्ट पुलिस थाना खुईंया में दर्ज कर अनुसंधान सुभाष चन्द्र वृताधिकारी वृत नोहर द्वारा शुरू किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़ द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हेतु संबंधित को निर्देशित किया। जिस पर सुभाष चन्द्र वृताधिकारी वृत नोहर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश हेतु रवाना किया गया, गठित टीम द्वारा मानवीय एवं तकनीकी आसूचना संकलन कर त्वरीत कार्यवाही करते हुये आरोपीगण बलवन्त उर्फ बल्ला पुत्र कृष्ण कुमार जाट निवासी गोरखाना व राजेश पुत्र हरिराम नायक निवासी गोरखाना को प्रकरण दर्ज होने के मात्र 5 घंटो के अंदर दस्तयाब कर बाद अनुसंधान सुभाष चन्द्र वृताधिकारी वृत नोहर द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणो से गहन पुछताछ एवं अनुसंधान जारी है। पुलिस टीम में सर्व राधेश्याम पुनि थानाधिकारी, ग्यारसीलाल सउनि, बजरंगलाल कानि 666, नेमिचन्द कानि 896, मांगीलाल कानि 728 पुलिस थाना खुईयां रही।

अफीम, डोडा पोस्त और 15 हजार की नकदी सहित युवक गिरफ्तार

नोहर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना के निर्देश पर जिले में नशा तस्करी, अवैध हथियारों, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नोहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 158 ग्राम अवैध अफीम, 510 ग्राम अवैध डोडा पोस्त तथा 15 हजार रुपये की बिक्री राशि सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मीना ने बताया कि जिलेभर में अपराधियों एवं तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस थाना नोहर की टीम ने रोही चक राजासर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आरोपी पवन कुमार पुत्र रामचन्द्र गोस्वामी निवासी वार्ड नंबर 09 नोहर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 158 ग्राम अवैध अफीम, 510 ग्राम अवैध डोडा पोस्त एवं 15 हजार रुपये की नकदी बरामद की। मामले में पुलिस थाना नोहर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण संख्या 179/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले का अनुसंधान थाना नहरी पानी सुरक्षा एवं पानी चोरी निरोधक थाना नोहर के थानाधिकारी हनुमान प्रसाद उणी द्वारा किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इस कार्रवाई में डीएसटी टीम नोहर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम में राजेन्द्र कुमार उणी, हेड कांस्टेबल जगदीश तथा कांस्टेबल रमेश शामिल रहे गौरतलब है कि जिले में अवैध नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चलाकर तस्करों पर शिकंजा कस रही है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आज

सीकर (निसं)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 18 मई को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाती है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी निःशुल्क करवा सके।

ठगी की राशि रिफंड करवाई

रतनगढ़ (निसं)। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की एजेंसी दिलाने के नाम पर हुई 15 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी के मामले में रतनगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में पूरी राशि वापस ट्रांसफर करवा दी है। यह कार्रवाई एसपी चूरू निश्चय प्रसाद के निर्देशानुसार चलाए जा रहे म्यूल हंटर अभियान के तहत की गई। थानाधिकारी गौरव खिडिया ने बताया कि रतनगढ़ निवासी मंजू कंवर और उनके पति गोविंद सिंह ने जुलाई 2025 में ऑनलाइन विज्ञापन देखकर तेलंगाना की एक कंपनी से डीलरशिप के लिए संपर्क किया था। कंपनी ने माल डिलीवरी और डीलरशिप के नाम पर उनसे 15 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए, लेकिन माल नहीं भेजा। पीडितों की शिकायत पर पुलिस की साइबर टीम (कांस्टेबल महेंद्र व मुकेश) ने 1930 पोर्टल के जरिए तुरंत खातों को होल्ड करवाया। इसके बाद एएसआई रामनिवास ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर कोर्ट के आदेश से पीडित के खाते में पूरे 15 लाख रुपये रिफंड करवाए। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं।

बढ़ते तापमान पर चिंता, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी : सैनी

चूरू, (निसं)। बदलते पर्यावरणीय हालात को लेकर समाजसेवी एवं वन सुरक्षा एवं संरक्षण समिति सरदारशहर की अध्यक्ष मोनिका सैनी ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लगातार पेड़ों की कटाई, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण गर्मी का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। मोनिका सैनी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने आमजन से अपने घर, मोहल्लों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में जल संकट, प्रदूषण और अत्यधिक तापमान जैसी समस्याएं और गंभीर हो सकती हैं। उन्होंने युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाने का आ ान भी किया। मोनिका सैनी ने लोगों से प्लास्टिक का कम उपयोग करने, पानी बचाने तथा स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही पर्यावरण संरक्षण की बड़ी मुहिम को सफल बनाया जा सकता है।

जांच शिविर आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में विश्व रक्तचाप दिवस पर जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू ने किया। डॉ. भांबू ने बताया कि बीडीके अस्पताल में रक्तचाप की जांच, उपचार एवं उच्च रक्तचाप से होने वाले गंभीर दुष्परिणाम को उपचार भी उपलब्ध है। रक्तचाप की समय पर जांच नहीं करवाने पर नकसीर, लकवा, अंधता, गुर्दा अक्रियाशीलता के रुप में लक्षित होता है। आरएमओ डॉ. विजय झाझडिया ने रक्तचाप की जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यालयः अशोक सिंह बीराण एवं रिंकू बीराण एडवोकेट
न्यु कोर्ट कैम्पस राजगढ़ (चूरू)
क्रमांक नं. -75/2026 बेदखली सर्वसाधारण सूचना
दिनांकः- 08.05.2026
हमें संतोष कुमार पुत्र बालुराम जाति-मेघवाल व मंजू देवी पत्नी संतोष कुमार निवासी-बीराण तह.-राजगढ़ जिला-चूरू ने अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है, जिसकी हिदायतानुसार सर्वसाधारण / आमजन आम खास को जरिये नोटिस सूचित किया जाता है यह है कि मेरे मुव्वकिल की पुत्री मोनिका जो गैर चाल चलन की है व उसने बिना मेरे मुव्वकिल की मर्जी के घर से भागकर किसी अन्य जाति के लड़के के साथ दिनांक 03.06.2020 को विवाह कर लिया है, मेरी मुव्वकिल की पुत्री उनके कहने सुनने में नहीं है और अब वो घर वापिस आने के लिए तैयार नहीं है जिस कारण मेरे मुव्वकिल ने अपनी पुत्री मोनिका को आज दिनांक-08.05.2026 के बाद से अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करते हैं तथा मेरे मुव्वकिल व उनके परिवार से रिश्ता बोल चाल सम्बन्ध हमेशा के लिए तोडते हैं भविष्य में मेरे मुव्वकिल की चल व अचल सम्पति में से मोनिका का कोई हक अधिकार नहीं होगा। न ही मोनिका द्वारा किये गये लेन देन के लिए मेरे मुव्वकिल जिम्मेदार नहीं होंगे और न ही किसी भी प्रकार के मुकदमें के लिए किसी भी तरह से जिम्मेवार नहीं होंगे। आज के बाद से मोनिका को हमेशा के लिए मेरे मुव्वकिल की समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है।मेरे मुव्वकिल की पुत्री से किसी के द्वारा सम्पर्क व संव्यवहार करने वाले स्वयं की जिम्मेवारी होगी। भवदीय-एडवोकेट अशोक सिंह बीराण व रिंकू बीराण राजगढ़ (चूरू)